# अध्याय 5
# निरीक्षण, तलाशी, अभिग्रहण और गिरफ्तारी

## धारा 11 : उचित अधिकारियों की सहायता के लिए अपेक्षित अधिकारी

(1) इस अधिनियम के कार्यान्वयन में उचित अधिकारियों की, पुलिस, रेल, सीमाशुल्क के सभी अधिकारी और वे अधिकारी जो भू–राजस्व के संग्रहण में लगे हुए हैं, जिनके अंतर्गत ग्राम अधिकारी भी है और केन्द्रीय कर अधिकारी तथा राज्य कर अधिकारी सहायता करेंगे।

(2) सरकार अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के कार्यान्वयन में उचित अधिकारियों की सहायता के लिए, जब आयुक्त द्वारा ऐसा करने की अपेक्षा की जाए, किसी अन्य वर्ग के अधिकारियों को सशक्त कर सकेगी और उनकी अपेक्षा कर सकेगी।